झारखण्ड राज्य खाद्य आयोग, राँची।

पत्रांक :— रा0खा0आ0 (विविध)—22/2022 — 893

प्रेषक,

संजय कुमार
सदस्य सचिव,
झारखण्ड राज्य खाद्य आयोग, राँची।

सेवा में,

सचिव
स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग
झारखण्ड, राँची।

राँची, दिनांकः— 6.11.2023

विषयः— आयोग के चतरा एवं कोडरमा जिलों के भ्रमण के दौरान प्राप्त शिकायतों/सुझावों के संबंध में।

महाशय,

उपर्युक्त विषय के सम्बन्ध में निदेशानुसार कहना है कि आयोग के माननीय अध्यक्ष एवं सदस्या द्वारा दिनांक—10.08.2023 से दिनांक—12.08.2023 तक चतरा एवं कोडरमा जिलों का भ्रमण किया गया। इस दौरान उनके द्वारा राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 के तहत् संचालित योजनाओं का निरीक्षण, सुनवाई/जनसुनवाई एवं इन जिलों के विभिन्न पंचायतों के मुखियागण के साथ संवाद किया गया। चतरा जिला में स्थलीय निरीक्षण के दौरान आयोग द्वारा पाया गया कि विभिन्न विद्यालयों में अलग—अलग एवं अस्पष्ट मेन्यू अंकित है।

अतः अनुरोध है कि राज्य के विद्यालयों में संचालित पी0 एम0 पोषण (मध्याह्न भोजन) का मेन्यू आयोग को उपलब्ध कराने एवं साथ ही उक्त मेन्यू राज्य के प्रत्येक विद्यालयों में भी उपलब्ध कराने की कृपा की जाय।

अनु0—चतरा एवं कोडरमा जिला भ्रमण प्रतिवेदन।

विश्वासभाजन

6/11/23

(संजय कुमार)
सदस्य सचिव,
झारखण्ड राज्य खाद्य आयोग, राँची।

C:\Users\PC-06\Dropbox\Anju\Vinod Sir.docx544